राजस्थान सरकार
निदेशालय कोष एवं लेखा राजस्थान जयपुर
"वित्त भवन" जनपथ, जयपुर– 302015

क्रमांक :– एफ4(ई)(1)(6)/अलेसे–III 4128 दिनांकः– 27/08/2019

**श्री सत्यप्रकाश शर्मा,**
**पुत्र श्री रामजी लाल शर्मा,**
**पिपली का बास, ग्राम–पोस्ट–साईवाड,**
**तहसील–जमवारामगढ,**
**जिला– जयपुर– 302027 (राज.)**

**विषयः**– कनि. लेखाकार/तहसील राजस्व लेखाकार संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा–2013 में कनि. लेखाकार पद पर चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति हेतु दस्तावेज सत्यापन की कार्यवाही पूर्ण करने बाबत्।

**प्रसंगः**– निदेशालय के पत्र क्रमांक एफ.4(ई)(1)(6)/नियुक्ति/अलेसे–III/3929 दिनांक 23.07.2019

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित कनिष्ठ लेखाकार एवं तहसील राजस्व लेखाकार प्रतियोगी परीक्षा–2013 में सफल घोषित होने पर आपका नाम कनिष्ठ लेखाकार पद पर नियुक्ति हेतु इस विभाग को भिजवाया गया था। जिसके क्रम में निदेशालय के पत्र क्रमांक 3704 दिनांक 11.07.2019 को आवश्यक प्रमाण पत्रों की जांच एवं चरित्र सत्यापन करवाने हेतु दिनांक 15.07.2019 को आपको आमंत्रित किया गया था, लेकिन आप उक्त दिनांक अनुपस्थित रहे। उक्त दिनांक को अनुपस्थित रहने के पश्चात् पुनः निदेशालय के पत्र क्रमांक 3929 दिनांक 23.07.2019 के द्वारा आपको दिनांक 26.07.2019 को दस्तावेज सत्यापन संबंधी कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किये गए थे। उक्त दिनांक को आपके उपस्थित होने के पश्चात् बकाया रहे दस्तावेज **(दस्तावेज सत्यापन हेतु चैक लिस्ट अनुसार बिन्दु सं. 07 एवं 13)** विभाग में आज दिनांक तक भी प्रस्तुत नहीं किये गये हैं, जिससे यह प्रतीत होता हैं कि आप उक्त नियुक्ति के लिए आप इच्छुक नहीं हैं।

अतः आपको पुनः निर्देशित किया जाता हैं कि आप दिनांक ~~28.08.2019~~ 30.8.19 तक आवश्यक रूप से बकाया रहे दस्तावेज इस विभाग में प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए कि आप उक्त नियुक्ति के लिए इच्छुक नहीं है, अन्यथा आपकी अभ्यर्थिता निरस्त करने की कार्यवाही की जावेगी। कृपया सूचित रहे।

(मुकुन्द सोहोनी)
निदेशक

Local Disk(D:)/ GOVIND FATEHPURIYA/Dheeraj Maheshwari.docx